प्रीलिम्स फैक्ट्स: 06 अप्रैल, 2019

drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/prelims-facts/06-04-2019/print

कोनयाक डांस/नृत्य (Konyak Dance)

pasted

- हाल ही में 4,700 कोनयाक नगा महिलाओं ने विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिये एक साथ नृत्य किया।
- वसंत ऋतु के प्रारंभ में स्वागत के रूप में प्रत्येक वर्ष 1 से 3 अप्रैल के बीच कोनयाक जनजाति द्वारा यह डांस आयोजित किया जाता है।
- इनका रंगीन पारंपरिक परिधान में नृत्य करना ही इस नृत्य की विशेषता है।
- यह नृत्य नागालैण्ड क्षेत्र के सबसे आक्रमक समुदाय 'कोनयाक' द्वारा आयोजित किया जाता है।

कोनयाक जनजाति

- कोनयाक जनजाति 16 नगा जनजातियों में से एक है और इस समुदाय के लोग मुख्य रूप से नगालैंड के मोन ज़िले में रहते हैं।
- यह जनजाति पूर्वोत्तर भारत के नागालैंड राज्य के नगा समुदाय का एक प्रमुख उप समुदाय है।
- यह समुदाय सभी नगा शाखाओं में सबसे बड़ा माना जाता है।
- कोनयाक अपने चहरे पर गोदाई की स्याही से पहचाने जा सकते हैं।
- ऐतिहासिक रूप से यह नगालैंड क्षेत्र के सबसे आक्रामक समुदायों में से एक माना जाता था।

‘उगादि, गुड़ी पड़वा, चैत्र सुकलादि और चेटी चंद’ पर्व **(‘Ugadi, Gudi Padava, Chaitra Sukladi and Cheti Chand’ Festival)**

- हाल ही में ‘उगादि, गुड़ी पड़वा, चैत्र सुकलादि और चेटी चंद’ पर्व का शुभारंभ हुआ।
- ये सभी त्योहार देश भर में अलग-अलग नामों और रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं।
- उगादी पर्व को नए साल की शुरुआत पर मनाया जाता है| यह नई आशा, आनंद और खुशी का त्योहार है।
- ये त्योहार हमारे देश की समग्र संस्कृति और समृद्ध विरासत को दर्शाते हैं।